an>

Title : Demand to promote pig farm in Gujarat and other parts of the country.

श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में एक अतिमहत्वपूर्ण विषय रखने जा रही हूं जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर के किसान भाई काफी त्रस्त हैं ।

महोदय, हमारी सरकार द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए एक नयी पहल चालू की गई है, जिसके परिणास्वरूप देश में मत्स्य पालन में बढ़ोतरी हो रही है । महोदय, देश में मत्स्य पालन की तरह ही सुअर पालन के लिए भी व्यवस्था बनायी जाए, क्योंकि सुअर खुले में रहने के कारण खेत खलिहान में आ जाते हैं और सारी फसलों को नष्ट कर देते हैं । इसके कारण हमारे देश के किसान भाइयों को भारी नुकसान हो रहा है और वे त्राहिमाम कर रहे हैं । इसके कारण कई बार जान-माल की भी हानि होती है और आर्थिक क्षति भी होती है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूं कि गुजरात सहित पूरे देश के हर जिले में सुअर फार्म बनाकर भटक रहे सुअरों को फार्म में रखा जाए साथ ही मत्स्य पालन की तर्ज पर सुअर पालन को भी बढ़ावा दिया जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती गीताबेन वजेसिंहभाई राठवा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।